# डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ०प्र०

(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)

सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0–226031

पत्रांक स० : ए०के०टी०यू०/प०नि०का०/2025/2362 दिनांक: 02 दिसम्बर, 2025

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय ,उत्तर प्रदेष,
लखनऊ से सम्बद्ध समस्त संस्थायें।

विषय: सत्र 2025–26 के विषम सेमेस्टर के स्नातक एवं परस्नातक पाठ्यक्रमों के अध्ययनरत रेगुलर तथा कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं हेतु परीक्षा फार्म भरे जाने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक के संबध में सूचित करना है कि विश्वविद्यालय के शैक्षिक सत्र 2025–26 के विषम सेमेस्टर (स्नातक एवं परास्नातक) के रेगुलर तथा कैरी ओवर की लिखित परीक्षायें गत् वर्ष/सेमेस्टर की भाँति ऑफ–लाइन मोड में दिनांक 23 दिसम्बर, 2025 से आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। उक्त विषम सेमेस्टर परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले छात्र/छात्राओं का निम्न तालिका में निर्धारित कार्यक्रम/तिथि के अनुसार परीक्षा फार्म भरने तथा निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने हेतु विश्वविद्यालय का ई0आर0पी0 पोर्टल खोल दिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है:

| क्र0 सं0 | पाठ्यक्रम | सेमेस्टर | परीक्षा फार्म भरने तथा परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि/कार्यक्रम |
|---|---|---|---|
| 1 | B.Tech | 3rd , 5th & 7th | दिनांक 02 दिसम्बर, 2025 से दिनांक 12 दिसम्बर, 2025 तक |
| 2 | B.Pharm | 3rd , 5th , & 7th | |
| 3 | B.Arch, MBA (INT), M.Tech (INT), MCA-DD, & MCA (INT.) | 3rd , 5th , 7th & 9th | |
| 4 | BHMCT, BFA , BFAD, | 3rd , 5th , & 7th | |
| 5 | MBA (All), MCA, M.Arch, M.Tech & M.Pharm & MURP | 3rd | |
| 6 | BBA , BCA & B.VOC. | 3rd & 5th | |
| 7 | Pharm D (Only COP) | 1st, 2nd, 3rd & 4th Year | |

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने संस्थान के स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में रेगुलर एवं कैरी ओवर विषयों की परीक्षाओं हेतु विश्वविद्यालय के आर्डिनेन्स/नियमों के अर्न्तगत आने वाले छात्र/छात्राओं को उक्त कार्यक्रम/तिथि के अनुसार विश्वविद्यालय के ई0आर0पी पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म भरवाने एवं परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने के सम्बन्ध में सूचित करते हुए समयानुसार यथा आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त यह अवगत कराना है कि ऐसे संस्थान जिनके द्वारा विश्वविद्यालय द्वारा जारी एकेडमिक कैलेन्डर के अनुसार अध्ययनरत छात्र/छात्राओं का पठन–पाठन पूर्ण कराया जा रहा है, ऐसे सभी संस्थान एकेडमिक कैलेन्डर के महत्वपूर्ण बिन्दु संख्या 01 के क्रम में प्रत्येक दिवस (अवकाश दिवसों में भी) में अतिरिक्त कक्षायें संचालित कराते हुए विश्वविद्यालय के अध्यादेश के अर्न्तगत कुल पठन–पाठन दिवसों/सम्पर्क घंटे पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

02/12/2025

( प्रो0 राजीव कुमार )
का0 परीक्षा नियंत्रक

डॉ० ए०पी०जे० अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उ0प्र0
(पूर्ववर्त्ती उत्तर प्रदेश प्राविधिक विश्वविद्यालय,लखनऊ)
सेक्टर-11, जानकीपुरम विस्तार, लखनऊ, उ0प्र0-226031

पृष्ठांकन संख्या व दिनांकः उपरोक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रतिकुलपति/कुलसचिव/वित्त अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
2. अधिष्ठाता स्नातक/परास्नातक, संयुक्त/उप परीक्षा नियंत्रकए ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
3. प्रभारी ई0आर0पी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, ए0के0टी0यू0, लखनऊ।
5. स्टाफ आफिसर, कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।

( प्रो0 राजीव कुमार )
का0 परीक्षा नियंत्रक